Criterion - 5

Student Support and Progression

NAAC – SSR (2nd Cycle)



ETERNAL UNIVERSITY

BARU SAHIB, SIRMOUR-173101

HIMACHAL PRADESH

5.1.3(4)

Awareness of Trends in Technology

ETERNAL UNIVERSITY

BARU SAHIB, SIRMOUR-173101

HIMACHAL PRADESH



बड़ू साहिब में करियर के चुनाव में छात्राओं का किया मार्गदर्शन

जागरण संवाददाता, नाहन : जिला सिरमौर के बड़ू साहिब स्थित इटरनल यूनिवर्सिटी में एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें ओरेकल कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट कंवर सिंह आमंत्रित थे। इस गेस्ट लेक्चर का विषय करियर सिलेक्शन था, जिसमें उन्होंने छात्राओं को अपने करियर के चयन के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान की। यह गेस्ट लेक्चर इटरनल यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित किया गया था और इसमें लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया।

डा. पंत ने कंवर सिंह का स्वागत किया और ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सेल हमेशा विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। ओरेकल कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट से वित्तीय क्षेत्र में कैसे सफलतापूर्वक करियर बनाया जा सकता है, इसके संबंध में भी प्रश्न पूछे। कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब के योगदानकर्ता हरमीत वीर ने कंवर सिंह के स्वागत और बड़ू साहिब में आमंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर कालेज के डीन डा. चौहान, डा. महाजन, डायरेक्टर प्लेसमेंट बलराज सिंह उपस्थित रहे। कलगीधर ट्रस्ट के प्रेजिडेंट एवं यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. दविंदर सिंह ने कंवर सिंह का बड़ू साहिब आने पर धन्यवाद किया।

ओरेकल कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट कंवर सिंह संबोधित करते हुए • जागरण